(iii) शारीरिक दक्षता परीक्षा कुल 100 (एक सौ) अंको की होगी। ऊँचाई और सीना के लिए कोई अंक देय नहीं होगा परंतु विहित अहर्ताएँ पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थी असफल घोषित किये जायेगें।

(क) **<u>दौड़</u>– अधिकतम 50 (पचास) अंक**

(i) <u>सभी कोटि के पुरूषों के लिए–</u> 1(एक) मील (1.6 कि0मी0) {अधिकतम 6 मिनट में}

5 मिनट से कम	– 50 अंक
5 मिनट से 5 मिनट 20 सेकण्ड तक	– 40 अंक
5 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट 40 सेकण्ड तक	– 30 अंक
5 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 6 मिनट तक	– 20 अंक

6 मिनट से अधिक समय लेने वाले पुरूष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।

(ii) <u>सभी कोटि के महिलाओं के लिए–</u> 1(एक) किलोमीटर {अधिकतम 5 मिनट में}

4 मिनट से कम	– 50 अंक
4 मिनट से 4 मिनट 20 सेकण्ड तक	– 40 अंक
4 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 4 मिनट 40 सेकण्ड तक	– 30 अंक
4 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट तक	– 20 अंक

5 मिनट से अधिक समय लेने वाले महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।

(ख) **<u>गोला फेंक</u>– अधिकतम 25 (पचीस) अंक**

(i) <u>सभी कोटि के पुरूषों के लिए–</u> 16 पौंड का गोला न्यूनतम 16 (सोलह) फीट फेंकना होगा।

16 फीट से 17 फीट तक	– 09 अंक
17 फीट से ज्यादा एवं 18 फीट तक	– 13 अंक
18 फीट से ज्यादा एवं 19 फीट तक	– 17 अंक
19 फीट से ज्यादा एवं 20 फीट तक	– 21 अंक
20 फीट से ज्यादा	– 25 अंक

16 (सोलह) फीट से कम फेंकने वाले पुरूष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।

(ii) <u>सभी कोटि के महिलाओं के लिए–</u> 12 पौंड का गोला न्यूनतम 12 (बारह) फीट फेंकना होगा।

12 फीट से 13 फीट तक	– 09 अंक
13 फीट से ज्यादा एवं 14 फीट तक	– 13 अंक
14 फीट से ज्यादा एवं 15 फीट तक	– 17 अंक
15 फीट से ज्यादा एवं 16 फीट तक	– 21 अंक

16 फीट से ज्यादा - 25 अंक

12 (बारह) फीट से कम फेंकने वाले महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।

(ग) **<u>ऊँची कूद</u>- अधिकतम 25 (पचीस) अंक**

(i) <u>सभी कोटि के पुरूषों के लिए-</u> न्यूनतम ऊँचाई 4 (चार) फीट

04 फीट	- 13 अंक
04 फीट 4 इंच	- 17 अंक
04 फीट 8 इंच	- 21 अंक
05 फीट	- 25 अंक

4 (चार) फीट से कम कूदने वाले पुरूष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।

(ii) <u>सभी कोटि की महिलाओं के लिए-</u> न्यूनतम ऊँचाई 3 (तीन) फीट

03 फीट	- 13 अंक
03 फीट 4 इंच	- 17 अंक
03 फीट 8 इंच	- 21 अंक
04 फीट	- 25 अंक

3 (तीन) फीट से कम कूदने वाले महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।

(iv) नियत समय (पुरूषों के लिए 6 मिनट एवं महिलाओं के लिए 5 मिनट) में दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को गोला फेंक एवं/अथवा ऊँची कूद स्पर्धा/स्पर्धाओं में न्यूनतम विनिश्चित मानदण्ड पूरा नहीं करने पर असफल घोषित किया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को अन्य स्पर्धाओं में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को सभी स्पर्धाओं में अलग-अलग सफल होना होगा। मात्र गोला फेंक एवं ऊँची कूद में अधिकतम तीन मौका दिया जायेगा।

(v) **किन्नर/कोथी/हिजड़ा/ट्रांसजेन्डर (थर्ड जेन्डर)** अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा का मापदण्ड पिछड़े वर्ग के समान होंगे।

7. <u>मेधा सूची एवं नियुक्ति की अनुशंसाः-</u>

(क) उपरोक्त पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए मेधा सूची शारीरिक दक्षता परीक्षा के अधीन तीनों स्पर्धाओं यथा- दौड़, ऊँची कूद तथा गोला फेंक में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक के आधार पर तैयार की जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में दो या अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की दशा में, मेधा सूची में उनके स्थान का अवधारण, उनकी जन्म-तिथि के आधार पर एवं समान अंक प्राप्त करने एवं समान जन्म-तिथि वाले दो या अधिक अभ्यर्थियों की दशा में उनकी शैक्षणिक अर्हता के आधार पर किया जायेगा। इस प्रकार समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में अधिक उम्र वाले, समान प्राप्तांक एवं